उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..


# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक -2)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 12 फरवरी, 2024



पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों ने भरी हुंकार 6

स्कूलों में छात्र पढ़ेंगे भगवत गीता का पाठ, वि.स. ने पारित किया प्रस्ताव 8

सीएम से मिल चंपतराय ने की मुलाकात

### मध्य प्रदेश को पीएम मोदी ने दी सौगात

## करोड़ों की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास



रायपुर। मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 1.75 लाख अधिकार अभिलेखभी वितरित किए, जो लोगों को उनकी भूमि के अधिकार के लिए दस्तावेजी साक्ष्य प्रदान करेगा। उन्होंने टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी, जो राज्य के आदिवासी बहुल जिलों के युवाओं को सुविधाएं प्रदान करेगा ।झाबुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के झाबुआ का दौरा किया और राज्य के लिए7,550 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

उन्होंने राज्य की आहार अनुदान योजना के तहत लगभग दो लाख महिला लाभार्थियों को मासिक किस्त भी वितरित की। योजना के तहत विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की महिलाओं को पौष्टिक भोजन के लिए 1,500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाते हैं। मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 1.75 लाख अधिकार अभिलेख (भूमि अधिकारों का रिकॉर्ड) भी वितरित किए, जो लोगों को उनकी भूमि के अधिकार के लिए दस्तावेजी साक्ष्य प्रदान करेगा ।उन्होंने टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी, जो राज्य के आदिवासी बहुल जिलों के युवाओं को सुविधाएं प्रदान करेगा। एक सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाला यह विश्वविद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए विश्व-स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा।

### बीजापुर में आईईडी विस्फोट, सीएएफ का एक जवान घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए एक आईईडी में रविवार को विस्फोट हो जाने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, जिले में डुमरीपालनर और तिमेनार गांवों के बीच स्थित विस्फोट स्थल से पांच किलोग्राम वजन वाले तीन 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) भी बरामद किए गए ।उन्होंने बताया कि यह विस्फोट सुबह करीब नौ बजे हुआ, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम इलाके में गश्त पर निकली थी। उन्होंने बताया कि सीएएफ का एक जवान आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''विस्फोट में, जवान के पैर में चोट लगी और उसे नेलसनार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे दंतेवाड़ा जिला अस्पताल भेज दिया गया।''

## बीजेपी डरी हुई है, हमें बदनाम कर खत्म करना चाहती है



तरन तारन। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्टीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) उनकी पार्टी से डरी हुई है और उसे बदनाम कर खत्म करना चाहती है। एक निजी कंपनी से बिजली संयंत्र को पंजाब सरकार द्वारा अधिग्रहीत करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 'आप' शासित पंजाब के करीब आठ हजार करोड़ रुपये रोक कर रखे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, '' आज भाजपा केवल एक पार्टी से डरती है और वह 'आप' है।'आप' उसे चैन की नींद सोने नहीं दे रही।'' उन्होंने कहा कि 10 साल की अवधि में 'आप' ने दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाई है और गुजरात व गोवा में उसके विधायक हैं। केजरीवाल ने कहा,'' जहां भी हम चुनाव लड़ते हैं, वहां अनेक मत हासिल करते हैं। आज भाजपा डरी है कि अगर यह (आप) इसी तरह बढ़ती रही तो केंद्र में भी 'आप' की सरकार होगी।'' 'आप' नेता ने कहा, ''हमारी एक ताकत है और वह है स्पष्ट मंशा के साथ ईमानदारी। हम जनता की सेवा करते हैं। हम स्कूल और अस्पताल बनाते हैं, बिजली का अधिकार देते हैं और सड़क बनाते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा ऐसा काम नहीं कर सकती है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा विगत कई सालों से सरकार चला रही है। उन्होंने कहा, '' पिछले 30 साल से वह गुजरात में सरकार चला रही है और गत 15 साल से मध्य प्रदेश में उसकी सरकार है। वहां एक स्कूल ठीक नहीं है। वे कुछ नहीं करते।'' केजरीवाल ने दावा किया कि जो काम 'आप' कर सकती है वह भाजपा नहीं। उन्होंने कहा, ''अगर आपमें हिम्मत है तो कुछ काम करके दिखाइये।''

### कांग्रेस से निकाले जाने परआचार्य प्रमोद कृष्णम ने दी प्रतिक्रिया,

## पार्टी को सुनाई खरी-खोटी, पीएम मोदी की जमकर तारीफ की



नई दिल्ली।कांग्रेस से निष्कासित नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने रविवार को अपने निष्कासन पर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मुझे कल रात कई न्यूज चैनलों के माध्यम से ये जानकारी मिली की कांग्रेस पार्टी ने एक चिट्ठी जारी की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण आचार्य प्रमोद कृष्णम को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाता है। सबसे पहले मैं कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी किया। कृष्णम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केसी वेणुगोपाल और मल्लिकार्जुन खरगे से पूछा कि उनकी कौन सी गतिविधिया थी, जो पार्टी के विरोध में थीं। भगवान राम का नाम लेना पार्टी विरोधी है?आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आगे कहा, सवाल मेरे निष्कासन का नहीं है, .सवाल इस बात का है कि वो कांग्रेस जो महात्मा गांधी की कांग्रेस थी, सुभास चंद्र बोस, पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी की कांग्रेस की थी। आज उस कांग्रेस को किस रास्ते पर लाकर खड़ा किया गया है। क्या कांग्रेस में रहने के लिए चमचागिरी करनी जरुरी है। क्या कांग्रेस में सिर्फ वो रह सकते हैं जो सनातन को मिटाने की बात करें? ।

## रामलला के दरबार में 'योगी'ने लगाई हाजरी



अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में रविवार को योगी सरकार ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। प्रदेश के मंत्री व विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दर्शन किए। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए।

- अयोध्या में सीएम योगी आदित्यनाथ और मंत्री-विधायकों ने रामलला के दर्शन किए सभी विधायकों का राम मंदिर परिसर में भव्य स्वागत किया गया
- ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया.
- राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पूरी दुनिया से पहुंच रहे हैं भक्त

अयोध्या। रविवार को रामलला के दरबार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार के सभी मंत्री व विधायकों ने हाजिरी लगाई है. ये सभी सरकारी बसों से अयोध्या पहुंचे थे.

उन पर फूलों की बारिश की गई. ये अयोध्या धाम यात्रा विधान भवन लखनऊ से शुरू हुई है. रोडवेज विभाग के शेड्यूल के अनुसार, बसों का काफिला सुबह 9 बजे लखनऊ से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ और ये 11:30 बजे अयोध्या धाम पहुंचा. इसके बाद सभी विधायक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम जन्मभूमि पहुंचे. सभी का राम मंदिर परिसर में भव्य स्वागत किया गया. ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. वहीं, भीड़ को देखते हुए मंत्रियों व विधायकों का हनुमानगढ़ी का दर्शन कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है.

दो से तीन बजे तक लंच का समय रखा गया है. सवा तीन बजे बसों का काफिला फिर लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगा. इस तरह से योगी सरकार अयोध्या में करीब पौने चार घंटे रहेगी.

वहीं, लखनऊ में अयोध्या के लिए रवाना होने से पहले सभी एनडीए के विधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाए. इस बीच डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जय श्रीराम का नारा लगाते हुए कहा कि हमें अयोध्या में भगवान राम का आशीर्वाद लेने का मौका मिला है. रामलला विराजमान हो गए हैं और प्राण प्रतिष्ठा हो गई है. मुझे 22 जनवरी को भी दर्शन करने का सौभाग्य मिला था. हम दोनों सदनों के सम्मानित सदस्यों के साथ अयोध्या जा रहे हैं. वहीं उन्होंने समाजवादी पार्टी हमला करते हुए कहा कि सपा का सफाया हो जाएगा.



### पहले ही मिल गए थे हल्द्वानी में हिंसा भड़कने के इनपुट

उत्तराखंड। उत्तराखंड के हलद्वानी में गुरुवार को प्रशासन ने अवैध रूप से निर्मित एक मस्जिद और एक मदरसे को ध्वस्त कर दिया गया था, जिसके बाद इलाके में हिंसा भड़क गयी थी। हिंसा के बाद से इलाके में तनाव का मौहाल बना हुआ था, जो अब सामान्य हो गया है। रविवार सुबह दुकानें फिर से खुल गईं और कई इलाकों में बंद की गयी इंटरनेट सेवाओं को भी बहाल कर दिया गया है। हालाँकि, पुलिस अभी भी अलर्ट पर है और स्थित की निगरानी कर रही है। इन सब के बीच एक रिपोर्ट सामने आयी है, जिसमें कहा गया है कि काफी पहले से हल्द्वानी को जलाने की तैयारियां चल रही थी। खुफिया एजेंसी ने स्थानीय प्रशासन को इस बात की जानकारी भी दी थी।

### आज मैं बहुत खुश हूं: सतीश महाना

कानपुर निवासी उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष क्षण है क्योंकि मैं 'श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन' का हिस्सा था. यह मेरे लिए एक भावनात्मक क्षण है. मैं बहुत खुश हूं. वहीं, आरएलडी नेता राजपाल बालियान ने कहा कि हम भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए अयोध्या जा रहे हैं. यह एक अच्छा फैसला है. समाजवादी पार्टी का नहीं जाने का यह उनका अपना फैसला है.वहीं, मुरादाबाद से बीजेपी विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे भगवान रामलला के दर्शन करने का मौका मिला. प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद हर कोई अयोध्या जाकर दर्शन करना चाहता था. आज सीएम योगी आदित्यनाथ की वजह से सभी विधायक एक साथ अयोध्या कूच कर रहे हैं. रामलला के दर्शन को लेकर विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि पूरा देश खुश है. सदियों बाद हमें ये मौका मिल रहा है. ये पीढ़ी बहुत भाग्यशाली है.






## संपादकीय

### लखपति दीदी

आजादी के बाद भी देश के कार्यशील श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी निराशाजनक ही रही है। यूं तो परिवार में महिलाओं के योगदान का मूल्यांकन किसी पैमाने से संभव नहीं है,लेकिन अब महिलाएं घर-गृहस्थी को संबल देने के अलावा तमाम अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। दरअसल, जब भी महिलाओं की तरक्की की बात होती है, तो जो समाज के उदाहरण दिये जाते हैं, वे महज प्रतीकात्मक होते हैं। वे उच्च वर्ग या मध्यम वर्ग के प्रतिनिधि चेहरे होते हैं। जमीनी हकीकत बेहद विषमताओं से भरी है। जहां आम स्त्रियों के लिये लैंगिक भेदभाव के चलते अनुकूल कार्य परिस्थितियां उपलज़्ध नहीं हैं। उनको न्यायसंगत मेहनताना भी नहीं मिलता है। इसके बावजूद व्यक्तिगत व स्वयं सहायता समूहों की तरफ से उत्साहवर्धक शुरुआत हुई है। सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि हुई है। सांज़्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 32.8 फीसदी थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 37 फीसदी हो गई है। निश्चिय रूप से 4.2 फीसदी की वृद्धि उत्साहजनक है। हाल ही में अंतरिम बजट पेश करते हुए विज़ मंत्री निर्मला सीतारमण ने उत्साहवर्धक जानकारी दी कि देश में एक करोड़ कर्मशील महिलाएं लखपति बन चुकी हैं, अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल, लखपति दीदी योजना का मकसद साधनविहीन महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये, उन्हें स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करके आय अर्जन के योग्य बनाना है। उन्हें अपना बिजनेस शुरू करने के लिये प्रेरित किया जाता है। स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। महिलाएं अपने निकटवर्ती आंगनवाड़ी केंद्र में से इस बाबत सूचना प्राप्त कर सकती हैं। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें ड्रोन संचालन, कृषि उत्पादों के बाजारीकरण तथा एलईडी बल्ब बनाने आदि का प्रशिक्षण देकर अपना काम शुरू करके आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास होता है।हाल के अंतरिम बजट में विज़ मंत्री ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की बात कही। निश्चित रूप से महिलाएं जिस तरह ईमानदारी, प्रतिबद्धता तथा जीवटता के साथ काम करती हैं ।उससे लगता है कि देश की महिलाओं की भागीदारी से अर्थव्यस्था को नई गति मिल सकेगी। निस्संदेह जीवन में सुगमता व उद्यमशीलता से आत्मनिर्भर हुई महिलाओं का आत्मसज़्मान भी बढ़ेगा। विज़ मंत्री ने यह भी बताया था कि मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को तीस करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किये गये।

# कोलंबो की राजनीतिक बिसात पर भारतीय दांव

जिसे शासन ने कुचल दिया। वर्ष 1978 में जेआर जयवर्धने के राष्ट्रपति बनने के बाद भी तनाव जारी रहा, जब श्रीलंका ने बाजार-संचालित अर्थव्यवस्था शुरू की। वर्ष 1980 की आम हड़ताल में जब कई वामपंथी दलों और ट्रेड यूनियन नेताओं ने वेतन वृद्धि की वकालत की, तो शासन ने ट्रेड यूनियन आंदोलन को कुचलने के लिए बल का प्रयोग किया ।जयवर्धने ने 1983 में तमिल विरोधी दंगों के बाद जनता विमुक्ति पेरामुना पर प्रतिबंध लगा दिया था। वर्ष 1987 से 1989 तक सरकार द्वारा प्रांतीय परिषद प्रणाली शुरू करने और भारतीय शांति सेना के आगमन के जवाब में पार्टी ने दूसरा विद्रोह शुरू किया, जिसमें हत्याएं, लोगों को गायब करना और यातनाएं शामिल थीं।



भारत सरकार के अतिथि के रूप में श्रीलंका के वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी या पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 5 फरवरी को तीन दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचा? अब इस रणनीति के दूसरे हिस्से को ध्यान से देखना-समझना होगा। अनुरा कुमारा दिसानायक 27 अक्तूबर, 2023 को लॉस एंजिलिस गये थे। उससे पहले उनकी मुलाक़ात अमेरिकी राजदूत जुलिये चुंग से 19 अक्तूबर, 2023 को कोलंबो में हुई थी। मई, 2023 से वो लगातार अमेरिकी राजदूत से मिलते रहे। श्रीलंका के अल्ट्रा लेफ्ट नेता अनुरा कुमारा दिसानायक में भारतीय व अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठानों की दिलचस्पी के मायने तलाशने में दुनिया की बड़ी शक्तियां लग गई हैं ।साल 2023 में जेवीपी के हृदय परिवर्तन से सबको हैरानी हुई थी। ये वो लोग हैं, जिन्होंने 29 जुलाई, 1987 को हुए भारत-श्रीलंका समझौते का विरोध करते हुए एक सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया था। इनके एजेंडे में तथाकथित 'भारतीय विस्तारवाद' का विरोध कूट-कूट कर भरा था। इन्होंने भारतीय सामानों का बहिष्कार से लेकर यहां की साड़ी तक धारण करने पर रोक लगा दी थी। दिसंबर, 2023 में एक इंटरव्यू के ज़रिये जनता विमुक्ति पेरामुना के रुख में बदलाव को स्वीकार करते हुए दिसानायक ने कहा था, 'हम जानते हैं कि भारत, जो हमारा निकटतम? पड़ोसी है, एक प्रमुख राजनीतिक-आर्थिक केंद्र बन गया है। इसलिए भारत के प्रभाव को हम नकार नहीं सकते।'दिसंबर, 2014 में एनएसए अजीत डोभाल 'गाले डॉयलॉग' के वास्ते श्रीलंका गये थे, तब उन्होंने हिंद महासागर को शांति क्षेत्र बनाये जाने की परिकल्पना पर ज़ोर दिया था। दिसंबर, 2023 में एक बार फिर अजीत डोभाल श्रीलंका कोलंबो सिक्योरिटी कांक्लेव में गये और क्षेत्रीय सुरक्षा की बात की। अजीत डोभाल का इस बीच श्रीलंका के शिखर नेताओं से लगातार मिलना-जुलना रहा है, जिनमें वामपंथी नेतृत्व भी है। नई दिल्ली में इस सप्ताह जेवीपी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायक की मेहमाननवाजी इसी रणनीति का हिस्सा लगता है। जेवीपी प्रतिनिधिमंडल विदेशमंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात के बाद अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम की ओर रवाना हो गया। इन जगहों पर वामपंथी शिष्टमंडल को कृषि और उद्योग केंद्रों का अवलोकन करना है। सरकारी अधिकारियों व व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक के बाद 8 फरवरी को इनकी वतन-वापसी है ।क्या इन्हें विश्वगुरु भारत से दीक्षा लेने की आवश्यकता चुनावी व्यूह के वास्ते आन पड़ी है, या चुनाव के वास्ते मोटा फंड चाहिए? कोलंबो स्थित शोध संस्थान, 'इंस्टिट्यूट फॉर हेल्थ पॉलिसी' के हालिया सर्वेक्षण से पता चला कि 2024 के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अनुरा कुमारा दिसानायक सबसे पसंदीदा उम्मीदवार हैं। सर्वेक्षण में 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे दिसानायक के लिए मतदान करेंगे, उसके बाद साजिथ प्रेमदास को 33 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है, और तीसरे नंबर पर रहे राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को नौ प्रतिशत लोगों ने इस पद के लायक़ समझा है। श्रीलंका की सत्ता में वामपंथी विकल्प बन सकते हैं, ऐसा पहली बार माहौल बना है।1935 में स्थापित देश की पहली वामपंथी ट्रॉट्स्कीवादी 'लंका समा समाज पार्टी' थी। वह पार्टी देश के स्वतंत्रता आंदोलन में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत बन गई, जो 1948 में सफल हुई। लंका समा समाज पार्टी ने 1953 की हड़ताल का नेतृत्व करने में कम्युनिस्ट पार्टी के साथ मिलकर चावल सब्सिडी को समाप्त करने के सरकार के प्रस्ताव का सफलतापूर्वक विरोध किया, जिस पर कई श्रीलंकाई लोग भरोसा करते थे। लेकिन तीन दशक बीत जाने के बाद भी श्रीलंका में वामपंथियों को सत्ता में आने का अवसर नहीं मिल पाया। धान उत्पादन और भूमि सुधार वादा पूरा नहीं हुआ, देखते ही देखते स्थिति हिंसक हो गई। कालांतर में माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक गुट ने जनता विमुक्ति पेरामुना का गठन किया, जिसके कारण 1971 में ग्रामीण गरीबी और बेरोजगारी से परेशान सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह हुआ।

# भारत रत्न के दावेदारों नें विपक्ष की नीद उड़ाई



**पिछले दिनों राममंदिर उद्घाटन के दौरान राममंदिर हेतु सर्वाधिक संघर्ष करने वाले आडवानी की घोर उपेक्षा हुई कहकर इसी बहाने मंदिर का विरोध करने वाले अब खुद के रणनीतिकारों से बुरी तरह नाराज़ है। इसलिए हिंदुत्व की पैरवी कर भूल सुधारने का एक सुखद अवसर उन्हें मिलेगा । साथ ही साथ हिन्दू समाज में मोदी के पक्ष में बन रहे माहौल में भी सुधार की गुंजाइश बनती हुई प्रतीत हो रहीं ।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**


बिहार के समाजवादी चिंतक, जननायक कर्पूरी ठाकुर और आडवाणी के बाद, मरणोपरांत चौधरी चरण सिंह, एमएस स्वामीनाथन और पीवी नरसिम्हाराव को भी भारत रत्न देने की घोषणा के साथ राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। अब विपक्ष का ऊंट भी पहाड़ के नीचे आ ही गया है । ममता और जयंत के विरोधी शुरु नें कांग्रेस और सपा को चिंता में डाल दिया है। विश्वगुरु के अवतार को अपने गुरु भाजपा के कर्मठ वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवानी को भारत रत्न देने की घोषणा करते ही एक मुद्दा बेहद शांत हो गया जिसमें विपक्ष पूछता था एल के आडवाणी को किनारे क्यों किया गया अब विपक्ष को मुँह बंद करने के लिए बाध्य होना ही पड़ा। पिछले दिनों राममंदिर उद्घाटन के दौरान राममंदिर हेतु सर्वाधिक संघर्ष करने वाले आडवानी की घोर उपेक्षा हुई कहकर इसी बहाने मंदिर का विरोध करने वाले अब खुद के रणनीतिकारों से बुरी तरह नाराज़ है। इसलिए हिंदुत्व की पैरवी कर भूल सुधारने का एक सुखद अवसर उन्हें मिलेगा । साथ ही साथ हिन्दू समाज में मोदी के पक्ष में बन रहे माहौल में भी सुधार की गुंजाइश बनती हुई प्रतीत हो रहीं । विदित हो इससे पूर्व भाजपा कोटे से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और भाजपा संस्थापक नाना देखमुख भारत रत्न से सम्मानित हो चुके हैं। हाल ही में यह सम्मान बिहार के हज्जामों को चुनावों में साधने वहां के समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देने की घोषणा हुई है जिसके बाद नितीश चाचा पलटी मार गए । भारतीय जनता पार्टी के जिन नामों को पूरी पार्टी को खड़ा करने और उसे राष्ट्रीय स्तर तक लाने का श्रेय जाता है उसमें सबसे आगे की पंक्ति का नाम है लालकृष्ण आडवाणी ।लालकृष्ण आडवाणी कभी पार्टी के कर्णधार कहे गए, कभी लौह पुरुष और कभी पार्टी का असली चेहरा। कुल मिलाकर पार्टी के आजतक के इतिहास का अहम अध्याय हैं लालकृष्ण आडवाणी। लेकिन आडवानी का नाम इसी 1990 में राम मन्दिर आन्दोलन के दौरान सबसे ज्यादा चर्चित हुआ । उन्होंने सोमनाथ से अयोध्या के लिए राम रथ यात्रा निकाली। हालांकि आडवाणी को बीच में पटना में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव ने ही गिरफ़्तार करवा लिया पर इस यात्रा के बाद आडवाणी का राजनीतिक कद और बड़ा हो गया। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव नें भी राममंदिर आंदोलनकारियों के समर्थन में दिखे थे और आज उसी का फल उन्हें भारत रत्न के रूप में मिल रहा। 1990 की रथयात्रा ने लालकृष्ण आडवाणी की लोकप्रियता को चरम पर पहुँचा दिया था। वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद जिन लोगों को अभियुक्त बनाया गया है उनमें आडवाणी का नाम भी शामिल था। परिस्थितियां बदलती गई देश में धर्मान्धता राजनीति का हिस्सा बनी। गुजरात में 2002में नरसंहार ने इस आग में घी का काम किया। ध्रुवीकरण की मज़बूत नींव पर 2014में भाजपा की सरकार बनी। साम्प्रदायिक ताकतें मुखर हुई। सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हुआ ।इसका फायदा बराबर भाजपा को मिला ।आज के दौर में सम जो कुछ देख रहे हैं उसकी बुनियाद में आडवानी जी ही हैं। मुलायम सिंह का पद्म श्री शायद शर्मिंदा हो पर देश के उपप्रधानमंत्री और कई बार भाजपा अध्यक्ष रहे लालकृष्ण आडवानी के लिए भारत रत्न उनकी भाजपा की कार्यप्रणाली का श्रेष्ठतम उपहार है ।इससे इंकार नहीं किया जा सकता ।प्रधानमंत्री जी को बधाई जिन्होंने विज्ञान राजनीति और धर्म तीनों को भारत रत्न के लिए चुना। हरित क्रांति के जनक स्वामीनाथन और किसान राजनीति के पुरोधा चौधरी चरण सिंह को यह सम्मान बहुत पहले मिल जाना चाहिए था जबकि नरसिम्हा राव और लाल कृष्ण अडावाणी अपने ऊंचे राजनीतिक कद के लिए भारत रत्न के हक़दार है।

## युवती के पैर छुकर माफी मांगने का वीडियों सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

कानपुर। एक युवक को एक युवती पर अभद्र टिप्पणी करना भारी पड गया। युवक को पहले कुछ युवकों द्वारा उठाकर सून-सान इलाके में ले जाया गया, जहां उसकी जमकर पिटाई की गयी फिर उसे युवती के सामने लाया गया। यही नही तमंचा लगाकर उस युवक को युवती से माफी मंगवाई गयी, जिसका वीडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें युवक यह कहता हुए दिखायी दे रहा हैकि अगर हम अब कुछ और करें तो दीदी मुकदमा लिखवा देना। फिलहाल युवक द्वारा थाने में तहरीर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले नौबस्ता थाना क्षेत्र के अंतर्गत यशोदा नगर एच ब्लॉक निवासी युवक किशोर का एक वीडियों शनिवार को सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ, जिसमें किशोर एक युवती के पैर छूकर माफी मांगता दिखाई दे रहा था और कह रहा था कि अगर अब कुछ करे तो मुकदमा लिखवा देना। सोशल मीडिया में निहाल सोनकर नाम के एक युवक ने वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था। वही वीडियों के वायरल होने के काद किशोर ने नौबस्ता थाने में तहरीर दी। युवक किशोर ने बताया कि गुरूवार की शाम को कुछ युवक उसे श्रीराम चौक से जबरन अगवा कर तमंचे के बल पर र्मापुर के जंगलों में ले गये थे, जहां जमकर उसकी पिटाई की गयी और फिर उसके बाद बाईपास बस्ती लाकर युवती से माफी मंगवाई गयी। वहीं पूरे प्रकरण में एसीपी नौबस्ता आशुतोष ने बताया कि युवक द्वारा शिकायत की गयी है जांच की गयी है उन्होने दोनो पक्षों के आवस में समझौता कर लेने की बात कही गयी वहीं एसीपी ने तमचें वाली बात को निराधार बताया तथा कहा कि दोनो पक्ष आपस में परिचित है।

# जल प्रदूषण के छोटे अपराध अब जेल की सजा की श्रेणी से बाहर होगें, सिर्फ जुर्माना लगेगा



गोंदिया ङ्क वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में जल ही जीवन है की विचारधारा को गंभीरता से रेखंकित किया जा रहा है, जो कि न सिर्फ बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से मानवीय जीवन में अनिवार्य संसाधनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि इन संसाधनों में मानवीय के कारण भी बहुत विपरीत असर पड़ रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए हर देश में जल और पर्यावरण सहित प्रकृति के जुड़े हर मसले पर सैकड़ो कानून बने हुए हैं इसके संबंध में भारत में भी जल प्रदूषण की (रोकथाम और नियोजन) अधिनियम 1977 में पर्यावरण के अनेक नियम व नियम कानून बने हैं, परंतु, चूंकि दिनांक 8 फरवरी 2024 को लोकसभा में जल प्रदूषण (निवाकर निराकरण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 पर पारित किया गया है जिसे उच्च सदन राज्यसभा ने भी पहले ही 6 फरवरी 2024 को पारित कर लिया था। यह दोनों सदनों में पारित हो चुका है, जो राष्ट्रपति महोदय के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जाएंगा। मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि इस संशोधित विधेयक से जल प्रदूषण में छोटे अपराधियों को अब जेल की सजा नहीं होगी, उससे बाहर कर दिया गया है सिर्फ जुर्माना ही लगेगा ।इस नई विचारधारा से नागरिक व्यवसाई और कंपनियां जिनकी तकनीकी या प्रक्रियात्मक चक के लिए बिना डर के कारण के काम करेगी जो कि प्रदूषण के खिलाफ संकल्प में बाधा उत्पन्न करने की संभावना को रेखांकित करता है, जिसपर पर्यावरण प्रेमियों की नजर है, अब जरूरत है इसे नियमित करने के लिए एक सख्त नियमावली बनाई जाए ताकि पर्यावरण व जल प्रदूषण के प्रति इनमें डर बना रहे क्योंकि जल संशोधन विधेयक 2024 में जल प्रदूषण के छोटे अपराधों को जेल से मुक्त रखा है। व केवल जुर्माना किया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जल संशोधन विधेयक 2024 से प्रदूषण के खिलाफ संकल्प कमजोर होने की आशंका को रेखांकित किया करना बहुत जरूरी है।

साथियों बात अगर हम जल संशोधन विधेयक 2024 की करें तो, पहले 6 को राज्यसभा में फिर आज 8 फरवरी 2024को संसदमें बृहस्पतिवार को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को मंजूरी दी, जिसमें जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान किया गया है ।लोकसभा में आज विधेयक पर चर्चा और पर्यावरण मंत्री के जवाब के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। गत छह फरवरी को इसे राज्यसभा में पारित किया गया था। लोकसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए पर्यावरण मंत्री ने कहा कि राज्यों के प्रदूषण बोर्डों को किसी तरह का निर्देश नहीं दिया जा रहा है, बल्कि सिर्फ कुछ नियम तय किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और आम लोगों की सहायता करने वाले दिशानिर्देश ही जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ हरित उद्योगों को इस कानून से छूट होगी, लेकिन वह नियमों के तहत होगीस्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण को लेकर चेतना एवं जागरुकता फैलाने की जरूरत है सरकार नमामि गंगे परियोजना को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी को मिलकर इस परियोजना को एक जन आंदोलन बनाना चाहिए। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया। पर्यावरण,मंत्री ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन जीने में आसानी और व्यापार करने में आसानी में सामंजस्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधेयक के प्रावधानों से जल प्रदूषण से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपटने में अधिक पारदर्शिता आएगी। विधेयक जल(प्रदूषणकीरोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1974 में संशोधन करेगा ।यह अधिनियम जल प्रदूषण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना करता है। विधेयक कई उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करता है और जुर्माना लगाता है। यह शुरुआत में हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होगा ।अधिनियम के अन्?तर्गत राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाता है। विधेयक के प्रावधान के अनुसार, केंद्र सरकार अध्यक्ष के नामांकन के तरीके और सेवा की शर्तों को निर्धारित करेगी। विधेयक जल निकायों में प्रदूषणकारी पदार्थों के निर्वहन से संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन के लिए दस हजार रुपये से 15 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाता है ।पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए बदलाव लाए गए हैं।

साथियों बात अगर हम हम जल प्रदूषण के छोटे अपराधों को जेल शैली से हटाने की करें तो, जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों में अब जेल की सजा नहीं होगी। राज्यसभा ने इससे संबंधित जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने विधेयक पर चर्चा के जवाब में संशोधनों से प्रदूषण के खिलाफ संकल्प कमजोर होने की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि पुराने कानून में सामान्य नियमों के उल्लंघन पर सजा का प्रावधान था और कुछ उल्लंघन अनजाने में हो जाते थे। इसे देखते हुए नए विधेयक में कैद की जगह जुर्माने का प्रावधान किया ।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।** - सज़्पादक

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# वैज्ञानिक स्वामीनाथ एवं चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर जताया हर्ष




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ़क्टर आनंद कुमार सिंह ने हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि स्वामीनाथ को हरित क्रांति में उनके महत्वपूर्ण भूमिका के लिए व्यापक रूप से पहचाना गया जो भारतीय कृषि में परिवर्तनकारी चरण था। जिससे फसल उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई। डॉ सिंह ने बताया कि अधिक उपज देने वाली गेहूं व चावल की किस्मो को विकसित करने में स्वामीनाथ के अभूतपूर्व कार्य ने 1960 एवं 1970 के दशक के दौरान कृषि में क्रांति ला दी।इस परिवर्तन से देश खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया। इस अवसर पर कुलपति ने बताया कि किसानों के कल्याण हेतु कृषि उपज के लिए उचित मूल्य और कृषि पद्धतियों पर जोर दिया। उन्होंने सतत कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 1988 में एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की भी स्थापना की। कुलपति डॉ़क्टर सिंह ने बताया कि डॉ़क्टर स्वामीनाथन केवल एक वैज्ञानिक नहीं थे। वे कुशल नेतृत्वकर्ता थे जिन्होंने कृषक समुदाय के कल्याण की अथक वकालत की। किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सरकार को राष्ट्रीय किसान कल्याण नीति लाने के लिए राजी किया। और किसानों को खेती की लागत पर 50 फ़ीसदी मुनाफा देकर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान करने की सिफारिश की। इससे उन्हें पूरे कृषक समुदाय का सज़्मान और आभार प्राप्त हुआ। उनके योगदान को देखते हुए वे पहले भारतीय थे जो अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान फिलीपींस के महानिदेशक बने।भारत सरकार के इस फैसले से विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों/ शिक्षकों /अधिकारियों /छात्रों में खुशी का माहौल प्राप्त है।



## मौनी अमावस्या पर गंगा तटो पर दिखा आस्था व परंपरा का समन्वय

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कानपुर देश की एक पौराणिक नगरी है। यहां के लोग अपनी जड़ों और अपने बहुत पुरानी परज़्पराओं से आज तक जुड़े है। आधुनिकता चाहे जितनी भी ज़्यों का आ गयी हो लेकिन कानपुर में हर पर्व पर उमड़ने वाले आस्था के सैलाब को आसानी से महसूस किया जा सकता है। मौनी अमावस्या के अवसर पर कानपुर के सभी गंगा तटो पर शुक्रवार की सुबह हजारो भक्त गंगा में स्नान करने को पहुंच गये। इतना ही नही गुरूवार की देर शाम सरसैया घाट तथा बिठूर के कई घाटों पर दूर-दूर से श्रद्धालु अपने निजी वाहनों से पहुंच गये थे तथा शुक्रवार भोर के साथ ही गंगा में स्नान कर अपने पूर्वजों का पूजन कर यथा संभव दान देकर अपनी परज़्पराओं को जीवित रखने का काम किया। इस दौरान घाटों पर लोगों ने अपने पितरों का भी पूजन किया। जाजमऊ बाबा सिद्धनाथ घाट से लेकर गोला धाट, गुप्तार घाट, मैग्जीन घाट, सरसैया घाट, मौनी घाट सहित बिठूर के घाटों तक मेले जैसा नजारा बना रहा। घाटों पर सिद्धनाथ बाबा, परमट स्थिति बाबा आनन्देश्व, भैरव मंदिरों में भी भक्तों ने पूजन-दर्शन किया। इस अवसर पर आनन्देश्वर मंदिर में भक्तों द्वारा महादेव पर 101 लीटर दूध से अभिषेक किया गया तथा बाबा का आलौकिक श्रृंगार किया गया।

## आरटीओ प्रवर्तन ने चलाया स्कूली वैनो के खिलाफ चेकिंग अभियान

### -9 वाहनो का हुआ चालान, दो वाहन हुए सीज




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। बिल्हौर के आरौल में हुई दुःखद घटना को संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनो के खिलाफ चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने कानपुर षहर के विभिन्न स्थानो पर चेकिंग अभियान चला करं 9 वाहनो का चालान व दो स्कूली वाहनो को सीज करने की कार्यवाही की है।

एआरटीओ प्रवतर्न कहकशा खातून ने बताया कि स्कूल की घटना बहुत ही दर्दनाक और दुःखद है जिससे विभाग पूरी अपनी संवेदना प्रकट करता है। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा माह का कार्यक्रम 15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से वाहन चलाने को लेकर को जानकारियां व पत्रक देकर उन्हें जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। स्कूली वाहन जो कि दुर्घटना ग्रस्त हुआ है उस वाहन की जांच और स्कूल प्रबंधन से वाहन और ड्राइवर के बारे में जानकारी ली जा रही है। दुर्घटनाओ में कमी लाने और लोगो को जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है। स्कूली वैन की घटना को लेकर अभियान और तेज किया गया।

शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन कहकषा खातून, पीटीओ मानवेन्द्र प्रताप सिंह, आर.के. निगम ने षहर के विभिन्न स्थानो पर चेकिंग अभियान चलाया जिसमें मानक के विपरीत स्कूली वाहन पर चालान की कार्यवाही की गई और दो स्कूली वाहनो को अर्मापुर थाने में सीज किया गया। उन्होंने बताया है कि सभी स्कूलो को नोटिस दिया जा रहा है जिनकी गाडियां अनफिट है और मानक पूरे नही है वह जल्द उसे पूरा कर ले अन्यथा विभाग द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी।

ऐसे डग्गामार वाहनो पर अपने बच्चो को स्कूल भेजना कही न कही अभिभावको की गलती भी उजागर करता है। ऐसे स्कूल वाहन जो मानको को पूरा नही करते है उन पर परिवहन विभाग द्वारा कसंजा कसना चाहिए साथ ही अभिभावको को भी सोच समझ कर अपने बच्चो को ऐसे यमदूत वाले वाहनो में नही बैठना चाहिए।

## क्षेत्रीय कार्यालय में रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ की अहम बैठक हुई



कानपुर। बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ की अहम बैठक हुई।भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ की एक बैठक क्षेत्रीय मुज़्यालय पर क्षेत्रीय संयोजक प्रेमनाथ विश्नोई की अध्यक्षता में सज़्पन्न हुई। मुज़्य अतिथि के रूप में रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि सभी जिलों मे रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के सज़्मेलन आयोजित किए जाएंगे।रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 254 मंडलों मे संयोजक, सह संयोजक बनाएगी। 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच सभी 17 जिलों इकाइयों में बड़े सज़्मेलन आयोजित होंगे। जिनके संयोजक बना दिए गए हैं।बैठक में भाजपा की क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी,महेश मिश्र, राजेश सिंह सेंगर, महेन्द्र तिवारी, पिंकी श्रीवास्तव, शैलू तिवारी सहित सभी जिलों के संयोजक सह संयोजक उपस्थित रहें ।

## भाजपाइयों ने फूंका पुतला, जताया विरोध, राहुल गांधी मुर्दाबाद के लगाए नारे

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को विरोध शुरू हो गया है। शुक्रवार को परेड चौराहा के पास भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुभव कटियार ने चेतावनी देते हुए कहा कि पीएम पर सोच समझ कर टिप्पणी करें, अन्यथा ईंट का जवाब पत्थर से मिलेगा।पुतला दहन करते हुए भाजपाइयों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी को केंद्रित कर ओबीसी समाज के ऊपर दिया गया बयान बेहद शर्मनाक और अभद्र है। पिछड़े वर्ग का समाज आपको इस टिप्पणी के लिए कभी माफ नहीं करेगा। राहुल गांधी को खुद यह नहीं पता कि नरेंद्र मोदी ने जिस वर्ग में जन्म लिया है उसको पिछड़ा उनकी कांग्रेस सरकार ने ही घोषित किया है।

- **कार्यकर्ताओं में रोष**-जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी किसी भी तरह से मोदी की बराबरी तो नहीं कर पाते हैं हमेशा उनको अभद्र भाषा का प्रयोग करके ना तो उनकी उम्र का सज़्मान करते हैं और न ही उनके पद का सज़्मान करते हैं। राहुल गांधी लगातार जो इस तरह की बयानबाजी करते हैं इससे हम सभी कार्यकर्ताओं में रोष है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कपिल गुप्ता, शिवम कुशवाहा, उपेंद्र शुज़्ला, अजय शर्मा, पुष्पांक यादव, स्वामी नाथ गिरी, प्रभात पाल, शिव साहू, अमित गुप्ता, शालिनी सचान, संध्या कटियार समेत अन्य मौजूद रहे।



## भक्तों ने खेली भगवान राधाकृष्ण के साथ फूलों की होली



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । श्री शनि साई धाम मंदिर गणेश पार्क गांधीनगर के 24 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस में वृंदावन धाम से पधारे पंडित दीपक कृष्ण महाराज ने कथा के प्रारंभ में बताया कि भगवान कृष्ण ने रुक्मणी के साथ-साथ जामवती ,सत्यभामा, कालिंदी आदि 7 कन्याओं से और विवाह किया देवताओं से कष्ट को दूर करने के लिए भगवान ने भौमासुर नाम के राक्षस का वध किया और उसकी जेल में बंद 16100 कन्याओं को मुक्त कराया और उन सभी के निवेदन पर भगवान ने उनसे विवाह किया राजा नृग के चरित्र के विषय में वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि एक ब्राह्मण को दी गई गाय दोबारा दूसरे ब्राह्मण को दान देने के कारण उसे गिरगिट बनना पड़ा इसलिए ब्राह्मण को जो भी दान दिया जाए उसे कभी अपने पास नहीं रखना चाहिए जो ब्राह्मण का धन हरण हरण करता है उसका कभी कल्याण नहीं होता है सुदामा चरित्र की कथा के माध्यम से महाराज ने बताया कि संसार में कोई हमारा सच्चा मित्र नहीं हो सकता हमें केवल परमात्मा को ही अपना मित्र मानना चाहिए सुदामा ने चार मुट्ठी चावल भगवान को दिया भगवान न सुदामा को समार्थ और ऐश्वर्यावान बना दिया मित्र के विषय में महाराज ने बताया की मित्र वह नहीं है जो ज्यादा आपके साथ रहे अपित मित्र वह हैं जो आपको कुमार्ग से निकाल कर सन्मार्ग पर ले जाए आप के सुख में भले ही ना आ पाए परंतु दु:ख मे खुद जो बिना बुलाए स्वयं आया वही हमारा सच्चा मित्र है इस अवसर पर भक्तो ने भगवान राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली की खेली इस अवसर पर महेंद्र नाथ शुक्ला पूर्व पार्षद, पंडित राहुल, पंडित संतोष ,राजकुमार गुप्ता, स्वाति अग्रवाल ,सरिता गुप्ता , आलोक अग्रवाल ,राजेंद्र शुक्ला आदि भक्त मौजूद रहे।

## श्री कैलाश नाथ बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज मे छात्राओं का विदाई समारोह किया गया आयोजित



**गुलशन, मनोज वर्मा**

कानपुर। सिविल लाइन स्थित श्री कैलाश नाथ बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज मे कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती रिचा द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन जूनियर छात्राओं द्वारा किया गया व छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। परीक्षा कार्यक्रम के बारे में श्रीमती सुनीता मिश्रा ने नियम व निर्देश छात्राओं को बताए व आशीर्वाद दिया। ार्यक्रम के अन्त मे प्रधानाचार्या द्वारा छात्राओं को आशीर्वचनों से संबोधित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। छात्राओं में सर्वश्रेष्ठ छात्रा कुमारी अंशिका शुक्ला को चुना गया। इसके अतिरिक्त लायबा नूर, सान्या शुक्ला, सुप्रिया मिश्रा, कनन आदि छात्राओं को भी उनकी प्रतिभाओं के अनुसार विभिन्न पद दिए गए।



## बुंदेलखंड क्षेत्र से अनुसूचित मोर्चा सहित उत्तर व दक्षिण की बैठक भाजपा कार्यालय में की गई





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा व कानपुर उत्तर व दक्षिण की बैठक भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में दोपहर 4 बजे की गई बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री वा मोर्चा की प्रभारी पूनम द्विवेदी ने कहा कि पार्टी के निर्देशन से माननीय राष्टीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भारतीय जनता पार्टी लाल सिंह आर्या का आगमन प्रस्तावित तिथि 13/02/2023 को सुनिश्चित किया गया है।

जिसमें उनकी उपस्थिति में कानपुर उत्तर व दक्षिण में दलित बस्ती संपर्क एव छात्रावास संपर्क व युवा संवाद का कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय पदाधिकारी जिला व मंडल के समस्त पदाधिकारियों को रहना सुनिश्चित किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम का ज़िले से कार्यक्रम प्रमुख व उनके 5 लोगों की कमेटी भी गठित हो गई है।

बैठक में मुख्य रूप से सर्वेश कठेरिया, दिनेश छविलाल सुदर्शन, ओम प्रकाश, सुधीर कठेरिया, विनीत सोनकर, हरिराम गौतम, बृजेश कुमार, नरेश कठेरिया, विनोद सोनकर, अनुसूचित मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारी गण एव जिला अध्यक्ष गण जिला पदाधिकारी गण एव मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त से भेंटकर रेस्टोरेंट होटल व्यवसाईयों ने सुरक्षा की लगाई गुहार

## पुलिस अकारण उत्पीड़न, दबाव बनाना बंद करें : व्यवसाई




**कानपुर ।** होटल गेस्ट हाउस रेस्टोरेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में होटल रेस्टोरेंट गेस्ट हाउस व्यवसाईयों की समस्याओं पर संगठन का प्रतिनिधिमंडल पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मुलाकात कर समस्याओं पर दिया ज्ञापन। महामंत्री राजकुमार भक्तानी ने कहा होटल रेस्टोरेंट पर वसूली के लिए क्षेत्रीय पुलिस अकारण उत्पीड़न और दबाव बनाना बंद करे । का अध्यक्ष श्यामलाल मूलचंदानी ने कहा होटल में कमरा देने से पहले कस्टमर की आईडी अनिवार्य होगी और उसको एक वर्ष तक रिकॉर्ड रखें , एसोसिएशन ने पुलिस कमिश्नर को कहा अगर क्षेत्रीय पुलिस चुनाव में अधिग्रहण के लिए दबाव बनाती है तो एसोसिएशन नीति बनायेगी 7 अध्यक्ष सुखबीर सिंह मलिक ने बताया आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत सुरक्षा हेतु सभी घरों में होटल गेस्ट हाउस स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट में कैमरा लगाया जा रहा है , उपाध्यक्ष देशदीप वाधवा ने बताया हम प्रशासन के त्रिनेत्र अभियान में जुड़े हुए हैं जहां पर कैमरा नहीं है वहां लगाया जायेगा। विभाग द्वारा रियायती दरों पर उपलज़्ध होंगे। पुलिसिया उत्पीड़न से राहत दिलाने की मांग करी मांग, मनोज भाटिया -चैयर मैन,सुखबीर सिंह मलिक -अध्यक्ष,राज कुमार भगतानी --महामंत्री,इन्द्र जीत सिंह कोषाध्यक्ष,श्याम लाल मूलचंदानी -का अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल अध्यक्ष उज़र क्षेत्र अंकुश खन्ना अध्यक्ष दक्षिण क्षेत्र देशदीप वाधवा सागर अरोड़ा, पंकज खत्री,अजय केसरवानी, अनिल शर्मा, पी एस पांडे,मुअज्जम, मयंक कोहली, नरेश खुबानी, आशु माथुर राजू शर्मा आदि बड़ी संज़्या में व्यवसाई मौजूद थे ।

# स्कूटी सवार युवती ने की पुलिस कर्मी की पिटाई



बीपीएस न्यूज

कानपुर । बिना नंबर प्लेट के अपनी स्कूटी से जा रही युवती को रोकना एक पुलिस कर्मी को भारी पड़ गया। स्कूटी रोके जाने से नाराज युवती ने जहाँ पुलिस से अभद्रता की तो वही स्वयं पर आपा खोने हुए पुलिकर्मी की पिटाई कर दी ।मामला थाना कोहना के अंतर्गत गंगा बैराज का है, जहाँ रविवार की दुपहर को पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। बताया जाता है कि चेकिंग के दौरान एक युवती बिना नंबर प्लेट वाली स्कूटी लेकर वहां से गुजरी। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वो स्कूटी भगाने लगी, किसी प्रकार जब उसे रोका गया तो युवती अभद्रता पर उतारू हो गई और एक पुलिस कर्मी का कॉलर पकड़कर तमाचे जड़ने लगी। वहां मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो तो बनाया लेकिन किसी की हिम्म्मत युवती को रोकने की नही हुई। घटना का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वही अधिकारी का कहना है कि युवती की तलाश की जा रही है।

# विश्व कैंसर दिवस पर जन जागरूकता बीड़ी सिगरेट तंबाकू का दहन



कानपुर। विश्व कैंसर दिवस पर जन जागरूकता हेतु तंबाकू जनित पदार्थ गुटखा पान मसाला सिगरेट बीड़ी आदि का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया जन जागृति मंच के तत्वाधान में अध्यक्ष विनोद मिश्र के नेतृत्व में विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर जन जागरूकता हेतु तंबाकू जनित पदार्थ सिगरेट बीड़ी गुटखा पान मसाला खैनी आदि का प्रतीकात्मक पुतला दहन गुजैनी स्टेट बैंक चौराहे पर किया गया उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ हेमंत मोहन ने कहा की कानपुर पान मसाला उत्पादन का प्रमुख केंद्र है इसकी वजह से कानपुर में मुख कैंसर के रोगी ज्यादा पाए जाते हैं !रोग को छुपाना नहीं चाहिए सुप्रसिद्ध डॉक्टर आनंद गौतम जी ने कहा कि धूम्रपान एवं तंबाकू जनित पदार्थ गुटखा पान मसाला आदि से मुख कैंसर फेफड़े का कैंसर हो सकता है उन्होंने पेट लिवर आहार नली के कैंसर महिलाओं में स्तन कैंसर एवं गर्भाशय कैंसर पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने उपस्थित लोगों से अपनी बेटियों का ऐसे व्यक्ति से विवाह न करने का अनुरोध किया जो सिगरेट बीड़ी तंबाकू गुटखा मसाला आदि का सेवन करता हो इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विनोद मिश्र ने कहा कि हमारी संस्था पिछले लगभग चार दशकों से बिना कोई सरकारी आर्थिक सहायता चंदा या अनुदान लिए बगैर निस्वार्थ भाव से सामाजिक सेवा कार्य कर रही है हम हर वर्ष कैंसर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करते हैं प्रमुख रूप से विनोद मिश्र डॉ आनंद गौतम डॉक्टर हेमंत मोहन आचार्य रामगोपाल द्विवेदी सुमन मिश्र राजेंद्र गुप्त दिनेश शर्मा कृष्ण जी शुक्ला एडवोकेट ओमप्रकाश सिंह बाल कृष्णा शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# पैराशूट उत्पादन के क्षेत्र में ओपीएफ की भूमिका वैश्विक है

## एमआईएल निदेशक (विज़) प्रकाश अग्रवाल का ओपीएफ में विजिट



**कानपुर ।** कानपुर। ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड (जीआईएल) की उत्पादन इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी (ओपीएफ) में आज ज़्यूनिशन्स इण्डिया लिमिटेड (एमआईएल) के निदेशक विज़ प्रकाश अग्रवाल ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ओपीएफ अपने उत्पादों के बल पर निरन्तर प्रगति कर रहा है। ज़्यूनिशन्स इण्डिया लिमिटेड (एमआईएल) के निदेशक विज़ प्रकाश अग्रवाल के ओपीएफ आगमन पर ओपीएफ के महाप्रबंधक एम.सी. बालासुब्रमणियम ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। एमआईएल के निदेशक विज़ श्री अग्रवाल ने पैराशूट के क्षेत्र में ओपीएफ की वैश्विक महज़ा की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ओपीएफ के महाप्रबंधक बालासुब्रमणियम के कुशल एवं दक्ष नेतृत्व में यह फैज़्ट्री लगातार नये प्रतिमान स्थापित कर रही है। पी-7 जैसे महत्वपूर्ण पैराशूट का बीपीसी (बल्क प्रोडज़्शन ज़्लीयरेन्स) मिलना अपने आप में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसके लिए डीआरडीओ का संस्थान एडीआरडीई का योगदान भी सराहनीय रहा है। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक एस. बनर्जी, के.एस. चरक, विवेक गुप्ता, राम ज्ञान सिंह, के.के. टोप्पो, कार्य प्रबंधक रूपेश कुमार,ओमेश सिन्हा, अमर दीप कुमार, सहायक कार्य प्रबंधक प्रवीन चंद्रा आदि उपस्थित रहे।

# नवजात शिशु की बीमारियों पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर।आईएसओपीएआरबी सोसाइटी व ओज़्स एंड गाइनी सोसाइटी के द्वारा एक गोष्टी का आयोजन होटल रॉयल ज़िलफ में आयोजित की गई। जिसमें शिशु के जन्म के 24 घंटे के बाद से 7 दिन के अंदर कई तरह की जाँचों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इन्हें किन परिस्थितियों में कब कराना चाहिए जिससे नवजात शिशु में खून की जांचो के द्वारा भविष्य में होने वाली बीमारियों को भी जाना जा सके। उनका समुचित उपचार किया जा सके। इस विषय पर चर्चा हुई इसी के साथ नवजात शिशु के सुनने की स्क्रीनिंग व दिल की जांच भी शामिल है।

इस विषय पर समुचित और विस्तृत जानकारी शहर की वरिष्ठ रीजेंसी हॉस्पिटल की डायरेज़्टर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कपूर, डॉ. सुनील तनेजा, डॉ. अभिनव शर्मा, डॉ. वैभव भल्ला, डॉ. सी. पी. सिंह, डॉ. निधिका पांडेय आदि विशेषज्ञों ने भी विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी।

कैंसर सर्विज़्स जो भारत में दूसरा सबसे बडा कैंसर से मौत का कारण है जिसे हम समय से जांच कराके और टीका लगा कर पूरी तरह से रोक सकते हैं इस विषय पर पैथकाइंड लैब, प्रयागराज की वरिष्ठ हेड डॉ. सलोनी द्विवेदी ने अपना व्याज़्यान दिया। डॉ मीरा अग्निहोत्री मुज़्य संरक्षिका आईएसओपीएआरबी सोसाइटी व ओज़्स एंड गाइनी सोसाइटी, डॉ नीलम मिश्रा अध्यक्ष आईएसओपीएआरबी सोसाइटी, डा किरन सिन्हा सचिव

आईएसओपीएआरबी सोसाइटी, डॉ. कल्पना दीक्षित कानपुर ओज़्स एंड गाइनी सोसाइटी, डॉ. रेशमा निगम सचिव कानपुर ओज़्स एंड गाइनी सोसाइटी, डॉ. किरन पांडेय संरक्षिका कानपुर ओज़्स एंड गाइनी सोसाइटी, डॉ. रीता मिज़ल संरक्षिका कानपुर ओज़्स एंड गाइनी सोसाइटी, डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. रेनू गुप्ता व डॉ. राशि मिश्रा उपस्थित रही। सभा का संचालन डाज़्टर किरन सिन्हा व डॉ. विनीता अवस्थी के द्वारा किया गया।

# पेंटिंग बनाकर मतदान के लिए वोटर्स को किया जागरूक

बीपीएस न्यूज

**कानपुर देहात।** आगामी लोकसभा चुनावों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप चलाया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत परिषदीय स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को सरवनखेड़ा विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय भागीरथपुर के बच्चों ने स्वीप (सुट?यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) अभियान के तहत ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली एवं स्लोगन के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक गोरेन्द्र कुमार सचान ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए इसके माध्यम से ही हम सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार हम वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके अपने वोट के बारे में संपूर्ण जानकारी ले सकते हैं। इसके साथ ही क्विज, पेंटिंग, वाद-विवाद, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जहां छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया।

# ट्रांसफार्मर के रखरखाव में बरती जा रही लापरवाही का उठाना पड़ रहा जनता को खामयाजा

## आये दिन विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरो में आती है शिकायतें, समय पर नही होती मरम्मत, कई क्षेत्रों में इंसुलेट की समस्या



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही का खामयाजा आम जनता को उठाना पडता है। शहर में बिजली सप्लाई के लिए लगे ट्रासंफार्मो की देखरेख में विभागीय कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा कहीं एक ही कारण होने वाले फाल्टों को ढंग से नही बनाया जाता है तो कहीं खंभे टेढे है तो कही बिजली के तार लटक रहे है। अभी सर्दी में बिजली की कम खपत होने के कारण लोड कम है, इसपर ट्रांसफार्मर खराब हो रहे है आगे गर्मियों में क्या होगा।

केस्को विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजली के उपकरणों और ट्रांसफार्मरों के रख रखाव में लापरवाही बरती जा रही है। कई क्षेत्रों में आये दिन ट्रांसफार्मर में खराबी की शिकायत बनी रहती है, जिसका कारण लापरवाही है। समय से कर्मचारियों द्वारा ट्रांसफार्मर की मरम्मत का काम नही होता। उससे जुडने वाले पॉवर तार के जोडों की समय समय पर जांच नही होती। कहीं तेल की कमी के कारण ट्रांस्फार्मर गर्म हो जाते है तो कहीं तेल की ज्यादा मात्रा के कारण, होता यह भी है कि एक अवधि के बाद ट्रांसफार्मर से जुडे क्वायल खराब हो जाते है तो बदले नही जाते और लाल होकर टूट जाते है, जिससे क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित होती है। यह भी ध्यान देने योग्य होता है कि कही ट्रासंफार्मर में नमी तो नही और इस ओर लापरवाही बरतने में ट्रांसफार्मर क्षत्रिग्रस्त होते है। सर्दी मे लोड कम होता है लेकिन कई क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर खराब हो चुके है, अभी सर्दी है यही हाल रहा तो गर्मी में बहुत परेशानी होगी। बीते दिनों ही ग्वालटोली के 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर जलने पर जेई को निलंबित भी किया जा चुका है।। खराब हुए ट्रांसफार्मरो की मरम्मत का कार्य केस्कों की मैकरावर्टगंज स्थित कार्यशाला में किया जाता है जहां औसतन प्रतिदिन दो ट्रांसफार्मर की ही मरम्मत हो पाती है मतलद महीने में 50 से 60 ट्रांसफार्मर ठीक हो पाते है। ज्यादा ट्रांसफर्मार यदि खराब होते है तो उनकी मरम्मत कराने के लिए उन्हे गाजियाबाद भेजा जाता है।

# दिव्यांग पार्टी ने दिया आन्दोलन को अंतिम रूप

## कचहरी के चारों दिशाओं से खाट लेकर ज़िलाधिकारी कार्यालय पहुंचेगे पार्टी कार्यकर्ता, प्रशासन ने आन्दोलन से रोका तो जो जहाँ होगा वहीं खटिया बिछाकर धरना शुरू कर देगा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के आवास पर सम्पन्न हुयी। बैठक में आसरा आवास में दिव्यांगजन का आरक्षण बहाल करवाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर खाट बिछाओ ङ्क अधिकार दिलाओ आन्दोलन को अन्तिम रूप दिया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया की जिलाधिकारी को मांगों का एजेण्डा भिजवाया जा चुका है। अगर समय रहते आसरा आवास योजना में दिव्यांगजन का आरक्षण बहाल कर पात्र दिव्यांगजनो को आवास नहीं दिया जाता है तो कचहरी के सभी रास्तों से 50 ङ्क 50 की टुकडी में दिव्यांगजन खाट लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे। घाटमपुर व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजनो को एक दिन पहले कानपुर पहुंचने के निर्देश दिये गये है। अगर प्रशासन दिव्यांगजनो को जिलाधिकारी कार्यालय जाने से रोकता है तो जिसे जहाँ रोका जायेगा वो वहीं अपनी खटिया डालकर धरना शुरू कर देगा। आरक्षण बहाल हुए बगैर किसी कीमत पर आन्दोलन समाप्त नही होगा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, प्रदेश संगठन मंत्री मनोज त्यागी, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, गुड्डी दीक्षित आदि शामिल थे।

### आसरा आवास योजना में भ्रष्टाचार को लेकर ज्वाइंट कमश्नर को ज्ञापन

कानपुर। आसरा आवास योजना में हुए भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सोमवार को जवाइन्ट पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा कर जांच की मांग की गयी। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रशासन दिव्यांगजनों का अरक्षण खत्म नही कर सकता है, प्रशासिनक अधिकारियों को यह अधिकार नही बावजूद आवास योजना में दिव्यांगो का आरक्षण खतम करना विधायिका व संविधान का अपमान है।

ज्वाइंट कमिश्नर आनन्द प्रकाश तिवारी द्वारा ज्ञापन मुख्यमंत्री को भिजवाने के साथ ही जिलाधिकारी से इस बाबत बात कर कार्यवाही का भरोसा दिया। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगों को पात्रता के आधार पर यदि सत प्रतिशत आवास नही मिले तो 12 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर खाट बिछाओं अधिकार दिलाओं आन्दोलन शुरू किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में वीरेन्द्र कुमार, राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अशोक कुमार, अरविन्द कुमार, कमलेश, आशीष, महेश साहू, दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



# हनुमान गढ़ी के दर्शन के बिना अधूरी मानी जाती है रामलला की पूजा



मान्यता के मुताबिक प्रभु श्रीराम के दर्शन करने से पहले आपको अनुमति लेनी पड़ती है। यह अनुमति और किसी से नहीं बल्कि श्रीराम के भक्त हनुमान से लेनी पड़ती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि राम मंदिर और हनुमान गढ़ी के दर्शन के दौरान आपको किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।आज हम आपको अयोध्या धाम की लोक मान्यता और शास्त्रीय पद्वति के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। तो उससे पहले आपको श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की अनुमति लेनी पड़ेगी।

राम की महिमा इतनी दिव्य है कि युगों-युगों से यह संसार में विज़्यात है। त्रेतायुग के राम का महिमामंडन कलियुग में भी है। भगवान राम श्रीहरि विष्णु का अवतार हैं। बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण अपनी समाप्ति की ओर है। राम मंदिर निर्माण से रामलला के अनन्य भक्तों का सपना साकार हो रहा है। श्रीराम के अनन्य भक्त राजा राम के दर्शन करने के लिए भाव-विभोर हो रहे होंगे। लोगों के मन में यह भी सवाल है कि अपने भवन में विराजमान होने के बाद रामलला कैसे दिखेंगे। श्रीराम की मनमोहक छवि देखने के लिए हर भक्त आतुर है। ऐसे में अगर आप भी अयोध्या आने का प्लान बना रहे हैं, तो यहां की लोक मान्यता के मुताबिक प्रभु श्रीराम के दर्शन करने से पहले आपको अनुमति लेनी पड़ती है। यह अनुमति और किसी से नहीं बल्कि श्रीराम के भक्त हनुमान से लेनी पड़ती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि राम मंदिर और हनुमान गढ़ी के दर्शन के दौरान आपको किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।आज हम आपको अयोध्या धाम की लोक मान्यता और शास्त्रीय पद्वति के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। तो उससे पहले आपको श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की अनुमति लेनी पड़ेगी। ज़्योंकि हनुमान जी के दर्शन के बिना रामलला के दर्शन अधूरे माने जाते हैं। यहां तक की हनुमान चालीसा में लिखी यह चौपाई राम दुआरे तुम रखवारे, होत न आज्ञा बिनु पैसारे का अर्थ है कि श्री राम के द्वार पर बैठ कर हनुमान जी रखवाली करते हैं। ऐसे में आप बिना हनुमान की आज्ञा के श्रीराम तक नहीं पहुंच सकते हैं।

### हनुमान संभालते हैं अयोध्या का दायित्व

रामलला के दर्शन कर अगर आप पुण्य के भागी बनना चाहते हैं तो अयोध्या धाम जाने के बाद सबसे पहले सरयू नदी के तट पर स्नान करें। फिर हनुमान गढ़ी जाकर हनुमान जी से श्रीराम के दर्शन की आज्ञा मांगे। इसके बाद रामलला के दर्शन कर सौभाग्य प्राप्त करें। श्री राम मंदिर से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर हनुमान गढ़ी भक्ति पथ मार्ग पर है। बताया जाता है कि श्रीराम ने बैकुंड गमन के बाद हनुमान जी आज भी अयोध्या की रक्षा करते हैं। प्रभु श्रीराम ने अपने परम भक्त हनुमान को अयोध्या के राजा के रूप में रहने की आज्ञा दी थी।बता दें कि हनुमान गढ़ी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन के लिए आपको करीब 75-80 सीढ़ियां चढ़नी होती है। इसके बाद आप हनुमान के बाल स्वरूप के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर परिसर में हनुमान जी का विग्रह है, वह मां अंजना हैं और उनकी गोद में हनुमान जी विराजते हैं। इसके अलावा मंदिर परिसर में नरसिंग दरबार, राम दरबार और मां दुर्गा जी की प्रतिमा विराजमान है। मान्यता है कि जो भी भक्त श्रीराम के दर्शन से पहले हनुमान गढ़ी के दर्शन प्राप्त करता है, उसे दर्शन के पुण्यफल प्राप्त होते हैं।



## मुस्लिम पक्ष तीन मंदिरों से खुद ही दावा छोड़ दे तो भाईचारा बढ़ाने में मदद मिलेगी : स्वामी गोविंद देव गिरी

अयोध्या का विवाद तो सुलझ गया और भगवान श्रीराम के राष्ट्र मंदिर में रोजाना लाखों भक्त दर्शन कर रहे हैं। जिस तरह की हलचल काशी में दिख रही है उससे यह भी प्रदर्शित हो रहा है कि ज्ञानवापी का मुद्दा भी जल्द ही सुलझ सकता है। मथुरा में भी हलचल तेज है जिससे भक्तों को उम्मीद है कि कृष्णलला की जन्मभूमि पर से भी अतिक्रमण जल्द समाप्त होगा। इस बीच, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी ने एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा है कि मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि इन तीन मंदिरों (अयोध्या, ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि) को हिंदुओं को सौंप देना चाहिए क्योंकि ये आक्रांताओं द्वारा हमारे ऊपर किए गए हमलों के सबसे बड़े निशान हैं। गोविंद देव गिरी ने कहा है कि अगर मुस्लिम पक्ष इस दर्द को शांति से ठीक कर दें तो भाईचारा बढ़ाने में मदद मिलेगी। स्वामी गोविंद देव गिरी ने कहा कि आक्रांताओं के हमलों के कारण राष्ट्रीय समाज के अंतरमन में बहुत वेदना है। उन्होंने कहा कि यदि इस वेदना को ये लोग शांति के साथ दूर कर देते हैं तो भाईचारा बढ़ने में और अधिक सहयोग मिलेगा।'

दूसरी ओर, अयोध्या आ रहे भक्तों की बात करें तो आपको बता दें कि श्रद्धालुओं का उल्लास देखते ही बन रहा है। कड़ाके की ठंड के बीच जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए देशभर से श्रद्धालु रामनगरी में चले आ रहे हैं। हम आपको बता दें कि अयोध्या आने के लिए विभिन्न शहरों से हवाई सेवाएं भी शुरू हो गयी हैं इसके अलावा रेलवे ने भी कई नई ट्रेनें अयोध्या के लिए शुरू की हैं। विभिन्न राज्यों की ओर से अयोध्या के लिए बस सेवाएं भी बढ़ाई गयी हैं जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है।

## भड़काऊ भाषण देने के आरोपी मौलाना से 2 घंटे पूछताछ, भड़काऊ भाषण का वीडियो हो गया था वायरल

गुजरात एटीएस ने भड़काऊ भाषण देने के आरोपी मौलाना सलमान अज़हरी से 2 घंटे तक पूछताछ की. सूत्रों के मतुाबिक इस बात की जांच की जा रही है कि मौलाना के किसी संदिग्ध संगठन से संबंध हैं या नहीं ? यह भी पता लगाया कि मौलाना की फंडिंग के स्त्रोत क्या था.बताया जा रहा है कि अजहरी के समर्थन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार अपडेट्स डाले जा रहे हैं. पुलिस की कार्रवाई से लेकर मुफ्ती की लोकेशन हर बात की जानकारी कुछ सोशल मीडिया पेज पर दी जा रही है.बता दें गुजरात पुलिस ने रविवार को मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया था. अजहरी को रविवार को मुंबई के घाटकोपर पुलिस स्टेशन लाया गया तो मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहायी की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया. उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है.पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को जूनागढ़ के 'बी' डिवीजन पुलिस थाने के पास एक खुले मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया था.कथित भड़काऊ भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अजहरी और स्थानीय आयोजकों मोहम्मद यूसुफ मलिक और अजीम हबीब ओडेदरा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153बी और 505 (2) के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई थी.

# राम मंदिर के तर्ज पर बनेगा छत्तीसगढ़ का कौशल्या मंदिर

वाराणसी के काशी-विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर असम में स्थित कामाज़्या देवी मंदिर परिसर में भी कॉरिडोर बनाए जाने की चर्चा की जा रही है। बटाद्रवा प्रोजेज़्ट के लिए नौगांव में बजट तय हो चुका है। वहीं केंद्र सरकार के इस प्रोजेज़्ट प्लान को असम दर्शन के तहत तैयार किया गया है।

अयोध्या के बाद अब प्रयागराज में भी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी शुरू हो चुकी है। बता दें कि अगले साल महाकुंभ से पहले प्रयागराज के कई मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाना है।

इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश सरकार बिलासपुर में डूबे मंदिरो को पानी से बाहर निकालने की तैयारी में जुटी है। वहीं भाजपा प्रेजिडेंट जेपी नड्डा का बिलासपुर गृहनगर भी है। बिलासपुर में हेरिटेज और धार्मिक टूरिज्म को प्रोमट करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

वहीं ओडिशा सरकार पुरी में 800 साल पुराने जगन्नाथ मंदिर के साथ ही राज्य के सभी मंदिरों का कायाकल्प कर रही है। ओडिशा के हर गांव में जगन्नाथ संस्कृति के संरक्षण का काम किया जाएगा। ओडिशा की ऐतिहासिकता और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और आर्किटेक्चर का डेपलपमेंट भी किए जाने का प्लान है।

साल 2023 में राजस्थान चुनाव से पहले गहलोत सरकार ने राज्य के दो मंदिरों का कायाकल्प किए जाने की घोषणा की थी। बता दें कि डूंगरपुर और जयपुर के इन मंदिरों का ऐतिहासिक महत्व है।

भारत राष्ट्र समिति की देखरेख में तेलंगाना राज्य के नरसिज़्हा स्वामी मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। यह मंदिर भगवान विष्णु के नृसिंह अवतार को समर्पित है। इस मंदिर में गंडभेरुंड नरसिज़्हा, योगानंद नरसिज़्हा, ज्वाला नरसिज़्हा, उग्र नरसिज़्हा और लक्ष्मी नरसिज़्हा के दर्शन होते हैं।

बिहार में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर कंबोडिया के 800 साल पुराने अंगकोरवाट मंदिर की तरह होगा। विराट रामायण मंदिर की वास्तुकला अंगकोर वाट मंदिर, मदुरै के मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर और रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर से प्रेरित है। महावीर मंदिर मंदिर ट्रस्ट यहां पर दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग होगा।

पश्चिम बंगाल में प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ नए मंदिरों का निर्माण कार्य चल रहा है।

राज्य की ममता सरकार ने कोलकाता के हुगली के किनारे स्थित दक्षिणेश्वर मंदिर, तारापीठ मंदिर, सागर द्वीप के कपिल मुनि मंदिर और कंकलीतला मंदिर समेत 150 से ज्यादा मंदिरों के लिए बजट आवंटित किया है।

बता दें कि अमरनाथ यात्रा बेहद कठिन मानी जाती है। इस मंदिर तक आप दो रास्ते से पहुंच सकते हैं, जिनमें पहला रास्ता पहलगाम होते हुए और दूसरा रास्ता बालटाल से होते हुए है। लेकिन सबसे पुराना और ऐतिहासिक रूट पहलगाम माना जाता है। पहलगाम से अमरनाथ की पवित्र गुफा की दूरी 48 किमी है।

इस रूट से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन का समय लगता है। जबकि बालटाल रूट 14 किमी ही है। हांलाकि भले ही यह रास्ता छोटा है, लेकिन यह काफी मुश्किल रास्ता है।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महाभारत हुई भी। अब इस जगह को भी आध्यात्मिक केंद्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है। बता दें कि यहां पर हर साल अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाता है। वहीं अब सरकार की तरफ से कुरुक्षेत्र में कई बड़ी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।



जिस तरह से यूपी के अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। ठीक उसी तरह से देश के 10 राज्यों में कई बड़े मंदिरों-तीर्थों के निर्माण कार्य और रेनोवेशन के लिए कई बड़े प्रोजेज़्ट चल रहे हैं। इसमें करीब 17 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाने हैं।उज़र प्रदेश के अयोध्या में जिस तरह से राम मंदिर का भव्य निर्माण हुआ है। ठीक उसी तरह से छज़ीसगढ़ में 32 करोड़ रुपए की लागत से कौशल्या मंदिर का रेनोवेशन किया जाना है। इस मंदिर का एक हिस्सा अयोध्या के राम मंदिर जैसा होगा।

# डंपर में पीछे से घुसी वैन चालक सहित 6 लोग घायल, हमीरपुर से कानपुर नौबस्ता के लिए सवारी भरकर आ रही थी वैन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कानपुर, हमीरपुर हाइवे पर मंगलवार की सुबह हुई एक सडक दुघर्टना में एक वैन पीछे से डंपर में जा घुसी। हादसे में वैन में सवार चालक सहित अन्य 6 लोग बुरी तरह जख्मी हो गयी, जिन्हे इलाज के लिए पुलिस ने सीएचसी भेजा ।जानकारी के अनुसार पतारा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले हिरनी गांव निवाीस वैन चालक कमल सिंह 6 सवारियों को लेकर कानपुर के नौबस्ता चौराहे आ रहा था। बताया जाता है कि कार की गति तेज थी और वैन अनियंत्रित होकर आगे जा रहे एक डंफर में जा घुसी। हादसे में चालक सहित 6 सवारियां भी घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंच पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में इलाज के लिए भेजा जहां घायलों का प्राथमिक उपचार कर हैलट अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। घायल होने वालों में चालक कमल सिंह के अलावा शोभित, राहुल, रशीद, महेश और विक्रम है। हादसे के बाद डंफर चालक मौके से फरार हो गया।



# परिवार के साथ दंबगो द्वारा मारपीट व गाली गलौज किये जाने के विरोध में पुलिस आयुक्त को ज्ञापन

कानपुर, भारी संख्या में पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर एकत्रित हुई महिलाएं पुलिस आयुक्त को सोपा ज्ञापन बताया कि गीता निषाद पत्नी कमलेश निषाद निवासी ईश्वरीगंज थाना बिठूर कानपुर नगर की शान्ति प्रिय व न्याय पंसद गृहणी महिला है। प्रार्थिनी के देवर संतोष निषाद गांव के ही प्रचार है। 9 बजे सुबह शिवशंकर निषाद, शिव बालक, नीरज पुत्रगणा स्व0 नत्थू, गोविन्द पुत्र दुल्लर, अजीत उर्फ अत्तू पुत्र लक्ष्मी नरायन निषाद आदि लोग एक राय होकर प्रार्थिनी के घर में लाठी डन्डो लेकर घुस आये और गाली गलौज करने लगे। प्रार्थिनी द्वारा विरोध किया गया तो उक्त नामांकित लोग प्रार्थिनी के साथ बत्तमीजी व मारपीट करने लगे। अपने को पिटता हुआ देखकर प्रार्थिनी ने शोर मचाया तो प्रार्थिनी ननद निशा बचाने को दौडी तो उक्त लोगो ने निशा को जमीन पर पटक दिया और उसका मुंह दवा लिया। उसके साथ बत्तमीजी की। इतना ही नही प्रार्थिनी की ननद एंव बुजुर्ग सास के साथ उक्त नांमाकित लोगो ने लात घूसो से बेरहमी से पिटाई की शोर सुनकर प्रार्थिनी के परिवार के अन्य लोग भी आ गये। उक्त नामांकित लोग गाली गलौज करते हुये धमकी देकर गये कि यदि कही शिकायत की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। संतोष व आरोपी ग्राम प्रधान का चुनाव एक साथ लड़े थे जिनमे प्रार्थिनी के देवर विजयी हुये थे एंव शिव बालक की हार हुयी थी इसी रंजिश को मानते हुये आये दिन शिव बालक द्वारा प्रार्थिनी के देवर को ग्राम के विकास में अवरोध उत्पन्न किया जाता रहा। लेकिन प्रार्थिनी के देवर द्वारा उसे दरकिनार कर अपने ग्राम के विकास कार्यों मे गंभीरता से लगा रहा। इतना ही नही प्रार्थिनी के देवर व पति के साथ पूर्व मे भी उक्त नामाकित लोग बत्तमीजी व गाली गलौज कर चुके! ज्ञापन के दौरान धनीराम बौद्ध, रेखा मालती फूल कुमारी रामदुलारी सावित्री आकांक्षा , माया शांति देवी तारा देवी राधा रीता उर्मिला गीता निषाद रामदेवी पिंकी कमला देवी रोहित विशाल अनिल नीरज शनि इत्यादि लोग मौजूद रहे!



# पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारियों ने भरी हुंकार




- मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश कानपुर की अगुवाई में कई संघों में किया आंदोलन
- फूलबाग गांधी प्रतिमा से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाल कर दिया ज्ञापन





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। हजारों कर्मचारियों शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली व आठवां वेतन आयोग के गठन के लिए गांधी प्रतिमा हुंकार भरी । पैदल मार्च निकालकर कलेज़्ट्रेट में ज्ञापन दिया। मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उज़र प्रदेश कानपुर नगर, कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति, बैंक शिक्षक ,व पेंशनर्स के आह्वान पर विशाल धरना व 1:30 गांधी प्रतिमा से कलेज़्ट्रेट तक पैदल मार्च व माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय मुज़्यमंत्री जी को माननीय जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किये जाने का संघर्ष कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजा भरत अवस्थी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उज़र प्रदेश कानपुर के द्वारा की गई तथा संचालन इं कोमल सिंह मंत्री व इ.ए एन द्विवेदी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के सज़्मानित पदाधिकारियों कर्मचारियों, शिक्षकों ,पेंशनर्स के द्वारा भागीदारी की गई जिसमें कर्मचारियों शिक्षकों की मांगों के लिए कर्मचारी नेताओं ने गांधी प्रतिमा में धरने के दौरान घनघोर आक्रोश व निराशा व्यक्त की साथ ही सरकार से मांग की हमारी मांगे जो निज़्नवमत हैं का निराकरण लोकसभा चुनाव के पूर्व कराया जाए नंबर 1 पुरानी पेंशन बहाल की जाए नंबर दो आठवां वेतन आयोग का गठन किया जाए नंबर 3 शिक्षक एवं शिक्षणेज़र कर्मियों को भी राज्य कर्मियों की भांति दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा स्वास्थ्य कार्ड का लाभ दिया जाए नंबर चार उज़र प्रदेश ग्रामीण पंचायती राज सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाई जाए उन्हें कम से कम तीन पदोन्नतियां दी जाएं नंबर पांच समस्त विभागों के संविदा कर्मियों का नियमितीकरण कराया जाए नंबर 6 बेसिक शिक्षा परिषद के कर्मियों को भी राज्य कर्मियों की बात लीव इन केसमेंट की सुविधा दी जाए नंबर 7 सभी विभागों के कर्मियों शिक्षकों की सेवा संबंधी पदोन्नति वेतनमान विसंगति का निराकरण व नई नियुक्तियां की जाए आठ बैंक बीमा पोस्टल रक्षा रेलवे आयकर जी एसटी ई पी एफ अन्य केंद्रीय विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र कराया जाए नंबर 9 शिक्षामित्र आंगनवाड़ी आशा बहुएं रसोईया ग्राम रोजगार सेवकों स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र कराया जाए दसवां राज्य के फील्ड कर्मचारियों को मोटरसाइकिल भज़ा दिया जाए कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के अध्यक्ष डॉ सुरेंश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरकार कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं करा रही है ।

जिससे कर्मचारी शिक्षक समाज में सरकार की क्षवि भी धूमिल हो रही है आयकर राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद त्रिवेदी ने कहा कि भारत सरकार पुरानी पेंशन शेयर मार्केट आधारित कर कर्मचारियों के सेवानिवृज़ि के बाद बचे जीवन पर कुठाराघात कर रही है आठवां वेतन आयोग का गठन भी नहीं कर रही है ऑल इंडिया बैंक एज़्पलाइज एसोसिएशन के सेक्रेटरी रजनीश गुप्ता ने कहा कि सरकार बैंक कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है

शिक्षक नेता हेमराज सिंह गौर ने कहा कि राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी सारी सुविधाएं दी जाएं सफाई कर्मचारियों के नेता अटल बिहारी, बृजेश कटिहार बृजेश सुबाडोर ने सफाई कर्मचारियों की सेवानियमावली शीघ्र बनाने की मांग की धरने में व पैदल मार्च में प्रमुख रूप से राघवेंद्र सिंह,इंजीनियर ए एन द्विवेदी, इंजीनियर कोमल सिंह ,रणधीर सिंह ,साहब सरताज मंजूरानी कुशवाहा ,धर्मेंद्र अवस्थी,योगेंद्र कुमार सिंह, दिलीप सैनी ,अभय मिश्रा, रामकुमार त्रिपाठी ,हरिशचन्द्र श्रीवास्तव, अजय कुमार द्विवेदी, आनंद बाजपेई, राकेश तिवारी अनिल सचान, शरद अग्रवाल ,राजीव निगम ,छबिलाल यादव, राजेश शर्मा,दिनेश त्रिपाठी,आर के पाराशर, सुनील साहू, सुनील तिवारी ,निखिल वर्मा, मनोज तिवारी ,अंकुर द्विवेदी ,अनुप मिश्रा , सुरेश यादव, उमा शंकर यादव,सर्वेश तिवारी ,अरविंद द्विवेदी ,राजेश पाल,कमल अग्रवाल,रमाशंकर ,शिवेंद्र श्रीवास्तव, प्रशांत शुज़्ला, विक्रम शर्मा ,राकेश झाँ,अरशद हलीम ,देवेंद्र पांडे, अखिलेश द्विवेदी,वी एस तिवारी,जितेंद्र सिंह ,अशुतोस दीक्षित, महेंद्र सिंह ,ज्योत्सना सिंह ,सुखेंद्र यादव, राजवीर कटियार,जितेंद्र मिश्रा ,रामस्वरूप प्रमोद शुज़्ला अमित ,पांडे आलोक यादव, एस एम जेड नकवी ,अनूप त्रिपाठी ,आरपी मौर्य, पारस नाथ,अजीत निगम, अजय सिंह चंदेल, नरेंद्र तिवारी ,श्याम नारायण सिंह, सत्य प्रकाश शर्मा, राम जी श्रीवास्तव ,अज़्दुल लईक खान, जयप्रकाश शुज़्ला ,रमेश,विनोद,शाहिद,श्याम करण यादव ,अमित श्रीवास्तव, बी डी पांडे ,पवन गुप्ता,अजय गुप्ता,अनुज शुज़्ला,अभिषेक सिंह,श्री ओम तिवारी,बृजभार ,अजय बाल्मिक ,सुरेंद्र तिवारी,जी एस सोलंकी,सुशील बाजपेयी,रामस्वरूप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

# यातायात सुधारने के लिए सड़क पर उतरी अधिकारियों की टीम

## रावतपुर चौराहा तथा कल्याणपुर चौराहे का किया गया निरीक्षण, अधिकारियों को देख भागे ऑटो व ई-रिक्शा चालक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । कानपुर की बेपटरी हो चुकी यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप में लाने के लिए लगातार शहर के अधिकारी प्रयासरत है और इसी को देखते हुए उच्च स्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया । सुगम एवं सुचारू यातायात के लिए गठित समिति के बैठक में पहले से ही यातायात सुधारने के सम्बन्ध में कई निर्णय लिये गये और उसके बाद अधिकारी सडक पर उतरे।

समिति के बैठक के बाद अब अधिकारियों की टीम सडक पर उतरी है। मंगलवार को टीम द्वारा तीन चौराहो का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों को देखकर चौराहे पर खडे ईरिक्शा, ऑटो चालक अपने अपने वाहन लेकर वहां से खिसक लिए और थेडी दे पहले व्यस्त दिखने वाला चौराहा शांत हो गया। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने रेव मोती, रावतपुर चौराहा, कल्याणुपर का निरीक्षण करते हुए वहां की स्थित को परखा और उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिऐ। बताया गया कि अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तरयी संचालन समिति को उलब्ध कराई जायेगी। नरीक्ष के अदौरान अपर नगर मजिस्ट्रेट ऋतु प्रिया, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर अभिषेक पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर शिखर, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश राजपूत, जोन अधिकारी छै राकेश कुमार सहित केस्को, यातायात पुलिस, लोक निर्माण विभाग व सम्बन्धित अन्य विभागो के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म पर पर्दा डालने का काम करती रही सनिगवां चौकी पुलिस

## आरोपी पर नही की कार्यवाही, न ही दर्ज किया एफआईआर, उल्टा परिजनों को गया धमकाया




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । शासन चाहे जितना भी सख्त क्यों न हो लेकिन कानपुर की पुलिस की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नही आया है। पहले भी जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार सही नही था और आज भी सही नही है। कई मामले समय समय पर सामने आते रहते है, जिसमें पुलिस द्वारा संवेदनहीनता दिखाई जाती रही है। एक ऐसे ही मामले में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया जाता है और जब बच्ची के माता-पिता चौकी पहुंचते है तो पुलिस द्वारा उन्हे कई बार टरका दिया जाता है। इतना ही नही पलिस द्वारा पीडित परिवार को धमकाया भी जाता है। पीडित परिवार आखिर में डीसीपी पूर्वी से मिला, जिनके आदेश पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा सकी।चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां में एक दुकानदान ने अपने ही मकान मालिक के घर में घुसरक आठ वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची ने रो-रो कर अपने साथ हुए व्यवहार के बारे में अपने माता-पिता को बताया। बच्ची के पिता ने बताया कि उनके मकान में मुकेश गुप्ता की बाइक सर्विस की दुकान है। 28 जनवरी को वह अपने काम पर गये थे और पत्नी बाजार गयी थी। बताया कि घर पर उनकी 8 वर्षीय पुत्री तथा एक छ माह का बेटा था। दुकानदार मुकेश घर में घुसा और बेटी के साथ दुष्कर्म किया साथ ही किसी को न बताने की धमकी भी दी। बताया कि बेटी दहशत में थी तो कुछ न बता सकी वहीं उसे उसकी नानी के घर जाना पडा। नानी से बातचीत के दौरान बेटी ने उन्हे पूरी घटना बताई। पिता द्वारा जब चौकी सनिगवां को घटना की सूचना दी गयी तो चौकी प्रभारी विजय सिंह ने पहले तो उन्हे टरकाया बाद में धमकी भी देने लगे। कई बार चौकी व थाने के चक्कर काटने के बाद भी जब कार्यवाही नही की गयी तो डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया और बच्ची का मेडिकल कराया गया।

# सड़क पर जा रही कार बनी आग का गोला

कानपुर नगर, जीटी रोड पर शुक्रवार की देर रात जा रही कार में अचानक आग लग गयी और जब तक कार चालक या अन्य बैठी सवारियां कुछ समझ पानी कार आग का गोला बन गयी। कार में सवार लोगों ने जलती कार से कूद कर अपनी जान बचाई। रात होने के कारण सडको पर आवागमन कम था वहीं हादसे की जानकारी पाकर मौके पर दमकल टीम पहुंची तथा बडी देर बाद कार की आग पर काबू पाया गया पर तबतक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चौकेपुर के अंतर्गत मारियानी गांव के पास शुक्रवार की देर रात सडक पर जा रही एककार में अचानक आग लग गयी। कार में आग लगने के कारण तो स्पष्ट नही हो के लेकिन जब तक कार में बैठे लोग कुछ समझ पाते, तब तक कार आग का गोला बन चुकी है।

# युद्ध और कूटनीति पर क्या कहता है
# कौटिल्य का अर्थशास्त्र



## चाणक्य को दुनिया में आदर्शवादी नहीं बल्कि सबसे पुराने, सर्वश्रेष्ठ यथार्थवादी के रूप में जाना जाता है।


## अर्थशास्त्र:

### अर्थशास्त्र के तीन उद्देश्य हैं-

- **रक्षा:** जब तक राष्ट्र सुरक्षित नहीं है, वो राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। चाणक्य का कहना था सुरक्षा पहले बाकी सब बाद में। सुरक्षा देश के बॉर्डर और यहां के नागरिकों की।



- **पलाना:** शासक को अपने क्षेत्र (पालना) की रक्षा के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।



- **योगक्षेम:** लोगों के कल्याण की रक्षा करना।

कौटिल्य के लिए, विदेश नीति का पैमाना यह है कि क्या यह राज्य को गिरावट, यथास्थिति और उन्नति के चक्र में आगे बढ़ने की अनुमति देती है।

## भारत की विदेश नीति:

भारत की विदेश नीति के उद्देश्यों की प्राप्ति में पाकिस्तान और चीन जो संभावित भूमिका निभा सकते हैं, वह काफी हद तक उनके प्रति भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करना चाहिए।



मौलिक अर्थ में पाकिस्तान को "जन्मजात शत्रु" के रूप में सदैव भारत का विरोध करना चाहिए। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी में से एक होने के बावजूद, पाकिस्तान ने इस्लामिक स्टेट्स संगठन में भारत के प्रवेश का विरोध किया है।

दूसरी ओर भारत के प्रति चीन का दृष्टिकोण भारत का विरोध करने की आंतरिक प्रेरणा से प्रेरित नहीं है। इसके बजाय, चीन भारत के साथ अपने संबंधों को प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण से देखता है, जिसके केंद्र में क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की राजनीति है।




# स्कूलों में छात्र पढ़ेंगे भगवत गीता का पाठ, विधान सभा ने पारित किया प्रस्ताव

## कक्षा 6 से 12 तक पढ़ाई जाएगी भगवद गीता



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सर्वसम्मत निर्णय में गुजरात विधान सभा ने कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए स्कूली शिक्षा में भगवद गीता की शिक्षाओं को पेश करने की राज्य की पहल का समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया, जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच सांस्कृतिक गौरव और मूल्यों को स्थापित करना है। शिक्षा राज्य मंत्री प्रफुल्ल पंशेरिया द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव को द्विदलीय समर्थन मिला, क्ने इसका समर्थन किया और कांग्रेस ने प्रारंभिक आपत्तियों के बावजूद, अंततः इस मुद्दे पर अपना वोट दिया। कक्षा 6 से 12 तक भगवद गीता पढ़ाई जाएगी।

दिसंबर में राज्य शिक्षा विभाग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, भगवद गीता के सिद्धांतों और मूल्यों को जून में अगले शैक्षणिक वर्ष से शुरू होने वाले कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के पाठ्यक्रम में एकीकृत किया जाएगा। मंत्री पंशेरिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ तालमेल बिठाते हुए छात्रों के जीवन में भारतीय सांस्कृतिक विरासत को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित किया, जो छात्रों को भारत की विविध ज्ञान परंपराओं से जोड़ने पर जोर देती है।

इस संकल्प के तहत, भगवद गीता को विभिन्न कक्षाओं के लिए अलग-अलग पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, जिससे छात्रों के बीच इसके दार्शनिक सार की समझ और सराहना को बढ़ावा मिलेगा।

कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए इसे कहानियों और पाठ के रूप में पढ़ाया जाएगा। इस बीच, कक्षा 9 से 12 तक के छात्र अपनी पहली भाषा की पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से भगवद गीता की शिक्षाओं का अनुभव करेंगे। भगवद गीता के वैश्विक महत्व को स्वीकार करते हुए मंत्री पंशेरिया ने इसकी कालातीत प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए, भारतीय संतों और पश्चिमी विचारकों दोनों पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला।

# भाजपा कार्यकर्ता रामलला के दर्शन के लिए आयोध्या हुए रवाना

## 120 बसों द्वारा जाने वाले 6 हजार राम भक्तों को प्रकाश पाल ने दिखाई हरी झंडी





**गुलशन अहमद मंसूरी**

कानपुर। बीते पांच सौ सालों का कडा संघष और न जाने कितने विवाद और प्रतीक्षा के बाद प्रभु राम का भव्य एवं विशाल मंदिर आयोध्या में तैयार हुआ, जिसकी प्राणप्रतिष्ठा का महोत्सव 22 जनवरी को मनाया गया था। इस समारोह के बाद दशा यह कि आयोध्या में श्री रामलला के दर्शनों के लिए प्रतिदिन तीन से चार लाख श्रृद्धालु पहुंच रहा है और यह क्रम लगातार जारी है।कानपुर से भी रामभक्तों को बसों द्वारा आयोध्या भेजा जा रहा है। मगलवार को भाजपा उत्तर एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे व शिवराम सिंह के नेतृत्व में 120 बसों से 6 हजार भाजपा कार्यकर्ता रामलला के दर्शनों के लिए आयोध्या रवाना हुए, जिन्हे भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर जय श्रीराम की गूंज से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि हमारी पीढी बहुत भाग्यशाली है जो हमें रामलला के दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी आयोध्या जाने वाले भक्तों में अति उत्साह देखा गया। सभी ने हाथों में भगवा पताकें ले रखी थी और जय श्रीराम के नारों के बीच बस आयोध्या के लिए रवाना हो गयी।अयोध्या नगरी प्रभु श्री राम के दर्शन को जाने के लिए सोनू शर्मा, रवि यादव, ओम प्रकाश आर्या एडवोकेट, अमित कोरी एडवोकेट, राकेश कुमार, संजय, प्रदीप सिंह, आदि लोग भी रवाना हुए।

# त्रिनेत्र अभियान के क्रम में कमिश्नरेट पुलिस ने किया जनता को जागरूक

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। उत्तर प्रदेश की कमिश्नरेट पुलिस जनता को सुरक्षा के एहसास दिलाने की कड़ी में तथा जनता और प्रशासन के मध्य मधुर संबंध स्थापित हो इस कड़ी में एडीसीपी पूर्वी एसीपी कलेक्टरगंज द्वारा थाना हरबंस मोहाल थाना बादशाही नाका आदि विभिन्न थानों में गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक कर सुरक्षा व सहयोग के लिए विचार विमर्श किया गया, गणमान्य नागरिकों को कैमरे के लाभ बताए गए की किस प्रकार से किसी घटना या गतिविधि के संबंध में कैमरे की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, इस दौरान मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक हरबंस मोहाल तथा पार्षद आदर्श गुप्ता शिवम दिक्षित ,रईस सिद्धिकी पवन गुप्ता पी एस पांडे मनोज बाजपेई अरुण दीक्षित शावेज आलम शमशाद मोहम्मद आरिफ सोनी दीक्षित संतोष गुप्ता सन्तोष साहू छत्रपाल सिंह पिंटू शेरा जितेंद्र आदि लोग मौजूद रहे!

# धार्मिक अनुष्ठान मे जा रहे देसी घी के लोडर को रोककर सुविधा शुल्क मांगने का विरोध

**बीपीएस न्यूज**




कानपुर । यशोदा नगर बाई पास में जीएसटी विभाग के सचल दल इकाई के सी टी ओ अनुराग पाठक द्वारा घसियारी मंडी से करौली धाम धार्मिक अनुष्ठान मे जा रही टैक्स इनवॉइस के साथ धाम धार्मिक अनुष्ठान मे जा रही और उनके साथ चल रहे कर्मचारियों द्वारा सुविधा शुल्क मांगने और न देने पर इस गाड़ी को लेकर स्टेट जीएसटी कार्यालय जाने की बात कहने लगेसूचना पर टाट मिल होकर झकरकटी की तरफ से जा रही गाड़ी को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग जायसवाल व अब्दुल वहीद , कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री पवन गुप्ता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा गुप्ता, श्रवण कुमार मौर्य आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा रोककर इस गाडी को ले जाने का कारण पूछने व विरोध दर्ज कराने पर अधिकारी गाड़ी छोड़कर चले गए 7 इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि प्रदेश की स्टेट जी एस टी आयुक्त मिनिस्ती एस द्वारा सचल दल द्वारा छोटी मोटी गलतियों पर गाडी न रोकने के निर्देश देने के बावजूद व्यापारियों को गाडी रोककर विभाग ले जाई जा रही है और इस मामले मे शिकायत स्टेट जी एस टी के उच्च अधिकारियो से की जायेगी।

# स्कूटी सवार बदमाशों ने किया शिक्षक के घर पर पथराव

## थानाक्षेत्र चकेरी के श्याम नगर की घटना, बदमाश मौके से फरार, पीड़ित शिक्षक ने दी थाने में तहरीर

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर नगर, मंगलवार की देर रात एक शिक्षक के घर के बाहर आये स्कूटी सवार बदमाशों ने शिक्षक के घर पर पथराव कर दिया, जिसके बाद वारदात को अंजाम देकर सभी बदमाश मौके से फरार हो गये। बुधवार को शिक्षक द्वारा थाने में मामले के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी।

थाना चकेरी के श्याम नगर क्षेत्र के सी ब्लाूक में रहने वाले शिक्षक राकेश कुमार पांडे ने बताया कि बुधवार की सुबह जब वह सोकर उठे तो उनके घर के अंदर जली हुई प्लास्टिक तथा कुछ कपडे पडे हुए थे। उन्होने बताया कि वह अपनी पत्नी सुमन के साथ घर पर रहते है जबकि उनका बेटा तथा बहू नोएडा में रहता है। बताया कि जब उन्होन सीसी टीवी फुटेज चेक किया तो पाया कि मंगलवार की देर रात कुछ स्कूटी सवार युवको ने उनके घर पर पथराव किया और आग का गोला फेंका। इस घटना के बाद शिक्षक तथा उनकी पत्नी काफी दहशत में है। उन्होने बताया कि उनकी मोहल्ले में किसी से कोई विवाद तक नही है। उन्हे यह भी पता नही कि ऐसा करने वाले युवक कौन थे और उन्होने यह कार्य क्यों किया। बुधवार को वह थाना चकेरी पहुंचे तथा घटना के सम्बन्ध मे लिखित शिकायत की। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गयी।

# पुलिस आयुक्त द्वारा कोतवाली क्षेत्र के अतंर्गत प्रमुख स्थानों का निरीक्षण





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।बुधवार को पुलिस आयुक्त द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहो तथा स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ अन्य अधिकारी व फोर्स मौजूद रही। उन्होने यातायात व्यवस्था के साथ ही क्षेत्रो की सुरक्षा का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बुधवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा थाना क्षेत्र कोतवाली के अंतर्गत आने वाले प्रमुख चौराहो तथा बाजारों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने कोतवाली चौरहा, शिवाहला तिराहा, तिलक हॉल तिरहा, चौक सर्राफा, नारियल बाजार, कैलाश मन्दिर तिराहा, आदि का भ्रमण किया। उन्होने भ्रमण के दौरान जहां यातायात की व्यवस्था का भी अवलोकन किया तो वही दुकानदारों तथा स्थानीय निवासियों में सुरक्षा का संदेश भी दिया। उन्होने स्थानीय दुकानदारों के साथ ही स्थानीय निवासियों को अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों में सीसी टीवी कैमरे लगाने को कहा। उन्होने ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लोगों को जागरूक किया तथा सीसी कैमरे लगाने के महत्व को बताया। इसके साथ ही सीसी टीवी कैमरा किसी प्रकार से और किन-किन एंगल से लगाया जाये, तरीकों से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखन सिंह यादव, अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल संतोष कुमार मीणा, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह तथा कोतवाली थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# जुमे की नमाज को लेकर चौकन्ना रहा प्रशासन

कानपुर नगर, हल्द्ववानी में घटी घटना और हिंसा के बाद, साथ ही शहर में जुम्मे की नमाज को देखते हुए शुक्रवार को कानपुर का पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। सुबह से ही पुलिस के आला अधिकारी तथा फोर्स सडकों पर उतर गयी। नई सडक, परेड, यतीमखाना, चमनगंज, बजरिया, बकरमण्डी, फूलमति तिराहा आदि संवेदनशील क्षेत्रों में अधिकारियो ने पैदल माच किया। इस दौरान त्रिनेत कैमरो की भी मदद से स्थिति पर नजर बनाये रखी गयी।बता दें कि कानपुर नगर के कई क्षेत्र सवेंदनशील है और हल्द्वपानी के बनभूलपुरा में गुरूवार शाम उपद्रवियों द्वारा उत्पात मनाये जाने के बाद कानपुर में जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी पूरी तरह सतर्क रहे। कानपुर में भी जुम्मे की नमाज के बाद कई घटनाये शांती भंग करने को हुई है। परेड सद्भावना चौकी पर एकत्र हुए पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। कानपुर के साथ पूरे राज्य की पूलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है और किसी भी स्थित से निपटने के सख्त आदेश दिए गऐ है।कमिश्नरेट पुलिस के आलाअधिकारी सडकों पर उतरे साथ ही सभी डीसीपी, एसीपी अपने अपने जोन व क्षेत्र में पैदल मार्च करते दिखाई दिऐ। नई सडक, बेकनगंज, चमनगंज, जाजमऊ, बजरिया, फूलमती तिरहा, ग्वालटोली आदि क्षेत्रों में पुलिस लगाता चौकती बरतती रही। पीएसी के जवान भी तैयान किए गऐ। इसके साथ ही एलआईयू को भी एक्टिव किया गया। पैदल मार्च के दौरान बाईक सवार पुसिल, घोडे पर सवार पुलिस के जवान तथा भारी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा।

# आपदा प्रबंधन टीम द्वारा अमोनिया गैस रिसाव के दौरान सुरक्षा के लिए दिए टिप्स

कानपुर नगर, नोबेल एकेडमी फायर एंड सेफ्टी इंजीयरिंग द्वारा जिला आपदा प्रबांन प्राधिकरण कानपुर के तत्वाधान में कानपुर एडविल्स प्रा0लि0 मयूर रिफाइनरी में अमोनिया रिसाव पर प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल आयाजिन की गयी।कार्यक्रम में पर्वेक्षक लखन शुक्ला मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन ने बताया कि सामान्य कार्य चल रहा था, अचानक अमोनिया रिसावा की सूचना पर सुरक्षा अधिकारी द्वारा फयर कंट्रोल को सूचना दी गयी। सुपरवाइजर आशुतोष इमरजेंसी सायरन बजाते हुए लोगों को हवा के विपरीत स्थल पर पहुंचने के निर्देश्ज्ञ दिऐ साथ ही मृदुलेन्द्र सिंह, द्वारा अमोनिया के प्रभाव को कम



कराया तो फायरमैन मनोज बबीए सेट पहनकर आपरेटर के सहयोग द्वारा वाल्ब बंद किया। लखन शुक्ला ने बताया कि अमोनिया गैस सेहत के लिहाज से काफी खतरनाक होती है, इसके बचाव हेतु गीला कपडा नाक व मुंह पर लगाए, वहीं घ्ज्ञायल को सीपीआर देकर एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। इस अवसर पर मनोज शर्मा, यश मेहता, धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, अभिषेक मिश्र, प्रवेश तिवारी, प्रदीप वर्मा, राजीव, अग्नि सुरक्षा, सुरक्षा दल, अमोनिया संयंत्र के प्रबंधक, ऑपरेटर उपस्थित रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।